पेज थ्री देहरादून

कुलदीप गैरोला की पुस्तक 'नेतृत्व की डोर, सफलता की ओर' का विमोचन करते हुए।



# हमारा दून

देहरादून, रविवार, 27 फरवरी 2022 पेज 8


## संक्षिप्त समाचार

### अब साथ काम करेंगे बाल और महिला आयोग

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में बच्चों से संबंधित शिकायतों के निस्तारण में अब विलंब नहीं होगा। बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राज्य महिला आयोग मिलकर बच्चों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण करेंगे। देहरादून में नंदा की चौकी स्थित महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के बिल्डिंग में बाल आयोग और महिला आयोग के दफ्तर हैं। बाल आयोग में हर सप्ताह पांच से छह मामले बच्चों से संबंधित आते हैं। बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा. गीता खन्ना ने बताया कि जल्द ही महिला आयोग से इस संबंध में सहमति ली जाएगी।

### पुस्तक 'नेतृत्व की डोर, सफलता की ओर' का हुआ विमोचन

**संवाददाता** देहरादून। शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला द्वारा लिखित पुस्तक "नेतृत्व की डोर, सफलता की ओर" का विमोचन शनिवार को ग्राफिक ऐरा हिल यूनिवर्सिटी के सभागार में आई.पी.एस. तृप्ति भट्ट, आयुष भट्ट आईआरएस, बंशीधर तिवारी, आईएएस, सीमा जौनसारी, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, आरके कुंवर निदेशक, अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण, डॉ. आरडी शर्मा, राम कृष्ण उनियाल, विरेन्द्र सिंह रावत, लीलाधर व्यास अपर निदेशक और विभिन्न जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों, अध्यापकों और एससीईआरटी के अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन हुआ आरम्भ

**संवाददाता** देहरादून। राजकीय बालिका इंटर कालेज लक्खीबाग़ के तत्वाधान मे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर आरम्भ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य डॉ. सरिता भट्ट ने द्वीप प्रज्वालित कर किया। स्वयंसेवियों ने स्वागत गान एवं रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम अधिकारी आरती नेगी द्वारा सात दिवसीय शिविर की रूप रेखा प्रस्तुत की।

### कांग्रेस के लिए बोझ न बन जाए हरीश रावतः चौहान

**संवाददाता** देहरादून। हरीश रावत के वाराणसी में खुद को उत्तराखंड में सिर्फ चुनावी जरूरत वाले बयान पर भाजपा ने आरोप लगाते हुए कहा कि कभी उतराखंड की चाहत और फिर चुनाव की जरुरत के बाद लगता है कि हरीश रावत कांग्रेस के लिए बोझ बनते जा रहे है। उनके बयान में उनका दर्द भी झलकता है। इस बयान का सीधा सीधा अर्थ है, चुनाव में स्वयं को उत्तराखंड की चाहत बताकर कॉग्रेस का सीएम चेहरा दिखने की उनकी रणनीति जनता को धोखा देने की थी। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा, "हरीश रावत को देवभूमि के मतदाताओं से माफी मांगनी चाहिए।

# अगर सरकार ने जल्द पुरानी पेंशन बहाल नहीं की तो होगा जनांदोलन

**मांग**

- राजस्थान की तर्ज पर अन्य राज्यों में पुरानी पेंशन की मांग
- कर्मचारियों के सभी दस महासंघ इस आंदोलन के साथ

**संवाददाता**

देहरादून। पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन उत्तराखंड के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया है। प्रांतीय अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली ने शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि प्रदेश सरकार ने पुरानी पेंशन को बहाल न करके कर्मचारियों की जनभावनाओं को नजरअंदाज किया है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार को चेताया कि अगर सरकार ने जल्द पुरानी पेंशन बहाल नहीं की तो कर्मचारी जनांदोलन के लिए बाध्य होंगे। इसके अलावा उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल का स्वागत करते हुए उनका धन्यवाद भी जताया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के सभी दस महासंघ इस आंदोलन के साथ हैं। अगर नई सरकार




ने पुरानी पेंशन बहाल नहीं की तो कर्मचारियों को आंदोलन के लिए बाध्य होना होगा।

राजस्थान सरकार की ओर से लाखों कार्मिकों के हित में पुरानी पेंशन बहाली के निर्णय का राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने स्वागत किया है। साथ ही अन्य राज्यों में भी यह मांग उठाई है। इसके लिए 27 फरवरी को इंटरनेट मीडिया पर अभियान भी चलाया जाएगा। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी सिंह रावत ने कहा कि अन्य राज्यों के नई पेंशन योजना आच्छादित कार्मिकों को उम्मीद है कि जल्द पुरानी पेंशन बहाल होगी। मोर्चा के नेतृत्व में देश के तमाम कार्मिक सड़क से सदन तक पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष कर रहे हैं। देश के कोने–कोने से पुरानी पेंशन बहाली की आवाज उठ रही है। अब मोर्चा ने निर्णय लिया है कि 27 फरवरी को ट्विटर महा अभियान के जरिये लिखकर आवाज उठाई जाएगी।

**शिक्षक संगठन ने जताया आभार** अखिल भारतीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संगठन ने पुरानी पेंशन बहाली के निर्णय का स्वागत करते हुए राजस्थान सरकार का आभार जताया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी ने कहा कि देश के सभी राज्यों में शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए।

**राजनीतिक दलों से आसः** पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन ने उत्तराखंड में राजनीतिक दलों से पुरानी पेंशन बहाल करने की आस जताई है। आंदोलन के प्रांतीय महामंत्री मुकेश रतूड़ी ने कहा कि राजस्थान में पुरानी पेंशन बहाल कर दी गई है। उत्तराखंड में चुनाव पूर्व कुछ राजनीतिक दलों ने भी इस संबंध में आश्वासन दिया है। उम्मीद है कि वह सत्ता में आकर पुरानी पेंशन बहाल करेंगे।

### दूसरी जीत से दस विकेट दूर उत्तराखंड, राजस्थान को दिया 455 रन का लक्ष्य

**संवाददाता** देहरादून। रणजी ट्राफी में उत्तराखंड टीम ने अपनी दूसरी पारी में 246 रन बनाकर राजस्थान को जीत के लिए 455 रन का लक्ष्य दिया है। इससे उत्तराखंड ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली है। राजस्थान अपनी पहली पारी में 129 रन पर सिमट गई थी। ऐसे में उत्तराखंड अपनी दूसरी जीत से दस विकेट दूर है, रविवार को उत्तराखंड को राजस्थान के दस विकेट झटकने हैं, जबकि राजस्थान को इस मैच को जीतने के लिए 455 रन बनाने हैं। त्रिवेंद्रम (केरल) के ग्रीन फील्ड क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान और उत्तराखंड के बीच चल रहे मैच में शनिवार को तीसरे दिन राजस्थान ने महज 12 रन के अंतराल में अपने चार विकेट गंवा दिए। जबकि एक खिलाड़ी चौटिल होने के कारण खेलने नहीं आया। जिससे राजस्थान अपनी पहली पारी में 129 रन पर सिमट गई। उत्तराखंड के लिए फिरकी गेंदबाज मयंक मिश्रा ने सात विकेट झटके। जबकि जय बिस्टा व स्वप्निल के खाते में एक–एक विकेट आया।

# शिवभक्तों को समुचित जन–सुविधाएं कराई जाए उपलब्ध

**कांवड़ यात्रा**

- सीएम धामी ने दिए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। हरिद्वार में फागुनी कांवड़ यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कांवड़ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद करने और शिव भक्तों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखने के निर्देश दिए हैं।

आगामी एक मार्च को महाशिवरात्रि का पर्व है, जिसको लेकर फागुनी कांवड़ की शुरुआत हो चली है। फागुनी कांवड़ में



भगवान शिव के भक्त धर्मनगरी हरिद्वार में स्थित हर की पैड़ी पहुंच कर अपनी मनोकामनाओं की सिद्धि के लिए कांवड़ उठा कर अपने अपने शहर की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। हरिद्वार से पैदल यात्रा कर गंगा से जल भरकर अपने शहर अथवा गांव के शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने की परम्परा रही है। इसी धार्मिक परम्परा के निर्वहन के लिए बड़ी संख्या में कांवड़िये गंगा जल लेने हरिद्वार पहुंच रहे हैं। इस सम्बंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिवभक्तों के लिए कावंड़ यात्रा के दौरान संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रखी जाए। इसके साथ ही यात्रा पर आने वाले शिवभक्तों को समुचित जन–सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

**कांवड़ यात्रियों के मार्ग से मांस की दुकानें हटाने की मांगः** रुड़की में शिवसेना ने पुलिस प्रशासन से कांवड़ यात्रियों के मार्ग से मांस, अंडे की रेहड़ी और दुकानों को हटाने की मांग की है। मार्ग पर इन दुकानों के होने से कांवड़ यात्रियों की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं। मकतूलपुरी स्थित शिव सेना कार्यालय पर एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिवसेना के प्रदेश सचिव जगमोहन पटवा ने कहा कि कोरोना के कारण पिछले दो वर्ष से कांवड़ यात्रा नहीं हो पाई है। इसके चलते इस बार कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में यात्री आ रहे हैं।

### यूक्रेन में फंसे एमबीबीएस के छात्रों के परिजनों से मिले स्पीकर अग्रवाल

**संवाददाता** ऋषिकेश। यूक्रेन में जारी वर्तमान संकट के मद्देनजर वहां फंसे उत्तराखंडवासियों को वापस लाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी के चलते विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने यूक्रेन में फंसे एमबीबीएस के छात्रों के ऋषिकेश स्थित आवास पर उनके परिजनों से मिलकर धैर्य रखने की बात कही। विधानसभा अध्यक्ष ने यूक्रेन में एमबीबीएस की तृतीय वर्ष की छात्रा तमन्ना त्यागी के गंगा नगर स्थित आवास पर पहुंचकर उनके पिता अतुल त्यागी से मुलाकात की वहीं एमबीबीएस चतुर्थ वर्ष की छात्रा प्रिया जोशी के गंगा नगर स्थित आवास पर उनके पिता प्रदीप चंद्र जोशी व परिजनों से मुलाकात कर संयम रखने की बात कही। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि रूस के यूक्रेन पर हमला करने के बाद वहां स्थिति गंभीर बनी हुई है।


In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code
Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।